आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 24.06.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में 211 चयनित एकल महिलाओं को स्वरोजगार योजना के लिए शीघ्र ही धनराशि जारी की जाएगी।
- पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने रिखणीखाल विकासखंड का भ्रमण किया। दूरस्थ क्षेत्रों में विकास योजनाओं की प्रगति और जनसमस्याओं के समाधान की जमीनी हकीकत परखी।
- ''मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन योजना'' के तहत जर्मन भाषा का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद टिहरी गढ़वाल की सपना राणा को जर्मनी में मिली नौकरी।
- रुद्रप्रयाग जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अगस्त्यमुनि में गुबारा क्लीनिक शुरू। टाइप–1 मधुमेह रोगियों को मिलेगा निःशुल्क उपचार।

## रेखा आर्या

प्रदेश में 211 चयनित एकल महिलाओं को स्वरोजगार योजना के लिए शीघ्र ही धनराशि जारी की जाएगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून में विभागीय बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 484 महिलाओं को पहले ही धनराशि की पहली किस्त जारी की जा चुकी है और उनमें से ज्यादातर महिलाओं ने अपना स्वरोजगार शुरू भी कर दिया है। कैबिनेट मंत्री ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए एकल महिला स्वरोजगार योजना के आवेदन आमंत्रित करने के लिए अगस्त तक विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिए। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 2000 महिलाओं को इस योजना के तहत लाभ देने की तैयारी की गई है।

## जिलाधिकारी निरीक्षण

पौड़ी जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में विकास योजनाओं की प्रगति, जनसमस्याओं के समाधान और विभागीय व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आज रिखणीखाल विकासखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ताड़केश्वर महादेव मंदिर से लेकर दुर्गम गांव मेंदणी तक विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर विकास कार्यों और जनसुविधाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने मेंदणी गांव में ग्रामवासियों के साथ आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## हरिद्वार/स्वच्छता

तीर्थ नगरी हरिद्वार को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने आज हरकी पैड़ी क्षेत्र के शिव घाट, सुभाष घाट, मालवीय घाट और विष्णु घाट सहित विभिन्न घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान घाटों और आसपास के क्षेत्रों में सफाई की गई। साथ ही नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों पर तीर्थनगरी में लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।
स्वच्छता अभियान में आपदा प्रबंधन विभाग, भारतीय स्काउट गाइड, नगर निगम, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## कौशल उन्नयन योजना

जर्मनी के हैम्बर्ग शहर के एक अस्पातल में 3 हजार 60 यूरो यानी करीब तीन लाख 30 हजार रुपए प्रतिमाह के वेतन पर नियुक्ति प्राप्त करने वाली सपना राणा ने आज देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। प्रदेश सरकार की "मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना" के तहत जर्मन भाषा का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सपना राणा को ये नौकरी मिली है। इस अवसर पर कौशल विकास व सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि विभाग के अन्तर्गत गठित विदेश रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा जर्मन भाषा का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण लेने के बाद टिहरी गढ़वाल की नर्सिंग प्रशिक्षित युवा महिला सपना राणा का जर्मनी में नर्स के रूप में चयन हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के तहत अन्तराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध रोजगार के अवसरों से प्रदेश के युवाओं को जोड़े जाने का निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विदेश रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा राज्य के युवाओं को जापान और जर्मनी में सेवायोजित किये जाने के लिए भाषा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अब तक करीब 65 युवाओं को जापान में सेवायोजित किया जा चुका है।

## श्रद्धांजलि

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के मझौन में पद्मश्री से सम्मानित निशानेबाज़ स्वर्गीय जसपाल राणा के त्रयोदशी संस्कार में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने स्वर्गीय राणा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने परिजनों से भेंटकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## गुबारा क्लीनिक

जन्मजात या बचपन से टाइप–1 मधुमेह से जूझ रहे बच्चों और युवाओं के लिए रुद्रप्रयाग जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अगस्त्यमुनि में गुबारा क्लीनिक की शुरुआत कर दी गई है। यहां मरीजों को निःशुल्क उपचार और नियमित निगरानी की सुविधा मिलेगी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षित ममगाईं ने आज इस क्लीनिक का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि गुबारा क्लीनिक के माध्यम से टाइप–1 मधुमेह से पीड़ित बच्चों और युवाओं को नियमित इंसुलिन निगरानी, इंसुलिन की उपलब्धता, आवश्यक जांच और मधुमेह निगरानी किट उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा गैर–संचारी रोग और रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित की जाएगी। गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग में पिछले साल गुबारा क्लीनिक की शुरुआत की गई थी। अब तक टाइप–1 मधुमेह के मरीजों को पंजीकरण और उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रैफर किया जाता था। लेकिन अब, अगस्त्यमुनि में क्लीनिक शुरू होने से क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार की सुविधा मिलेगी।

## सामाजिक अधिकारिता शिविर

सामाजिक अधिकारिता शिविर के तहत आज बागेश्वर के नुमाइशखेत में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित निःशुल्क उपकरण वितरण कार्यक्रम में 434 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें ट्राई साइकिल, बैटरी चालित ट्राई साइकिल, छड़ी, बैसाखी और चश्में शामिल रहे। इसके अलावा शिविर में 150 दिव्यांगजनों के मानसिक, नेत्र और अस्थि संबंधी दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाए गए। इस अवसर पर दर्जा राज्यमंत्री नवीन वर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दिव्यांगजनों और जरूरतमंदों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

शिविर में लाभान्वित हुए दिव्यांगजन अर्जुन सिंह ने बताया कि उन्हें ट्राई साइकिल मिली है, जिससे अब उन्हें काफी सहूलियत होगी।